an>

Title: Need to appoint Vice-Chancellor in Guru Ghasidas Central University, Bilaspur Chhattisgarh.

श्री लखन लाल साहू (बिलासपुर): महोदय, मैं छत्तीसगढ़ के बिलासपुर संसदीय क्षेत्र से निर्वाचित हो कर आया हूं। वहां के "सतनामी समाज" के लोग अनुसूचित जाति वर्ग में आते हैं। पूरे समाज के पूजनीय संत के नाम से "गुरू घांसीदास सेन्ट्रल यूनिवर्सिटी" की स्थापना वर्ष 2009 में की गई है। विगत एक साल से वहां वाइस चान्सलर की नियुक्ति नहीं होने के कारण, वहां की पूरी शिक्षा व्यवस्था चरमरा गयी है।

मैं आपके माध्यम से सरकार से आग्रह करना चाहता हूं कि तुरन्त वाइस चान्सलर की नियुक्ति की जाय।

जिस समय विश्वविद्यालय राज्य सरकार के अधीन संचालित हो रही थी, उस समय समझौता किया गया था, 109 कर्मचारियों को नियमित करने की शर्त रखी गयी थी, उसका पालन न करते हुए, आज भी उन्हें दैनिक वेतनभोगी के रूप में काम पर रखा गया है।

मैं आपके माध्यम से मानव संसाधन विकास मंत्री जी से आग्रह करना चाहता हूं कि उनको नियमित किया जाए।